# झारखण्ड सरकार
# झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

विज्ञापन संख्या : जे.सी.ई.सी.ई.बी./35/22 – 57 ,राँची/दिनांकः 08/09/2022

**नर्सिंग प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (Nursing Entrance Competitive Examination) – 2022 के आयोजन से संबंधित संशोधित विस्तृत सूचना**

..............................

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के पत्र संख्या – 10/नर्सिंग–10–06/2015 (खण्ड–1)–232 (10) दिनांक–08.09.2022 के अनुसार –

***"झारखण्ड राज्यान्तर्गत नर्सिंग संस्थान हेतु नामांकन प्रक्रिया नियमावली, 2022" का गठन प्रक्रियाधीन है।" B.Sc. Nursing (Basic/Post Basic) Entrance Competitive Examination – 2022 व Nursing Entrance Competitive Examination – 2022 में उत्तीर्ण अभ्यर्थी राज्य में अवस्थित गैर सरकारी नर्सिंग संस्थानों में नामांकन हेतु झारखण्ड सरकार के द्वारा लिए गए निर्णय के आलोक में सुपात्र होगें।***

अतः उपरोक्त विभागीय निर्देश के आलोक में शैक्षणिक वर्ष 2022–23 में राज्य के मान्यता प्राप्त सरकारी एवं **गैर सरकारी*** नर्सिंग सस्थानों के जी.एन.एम. एवं ए.एन.एम. पाठ्यक्रमों में नामांकन हेतु ईच्छुक आवेदकों से, जो भारत के नागरिक होने के साथ–साथ झारखण्ड के स्थानीय निवासी की श्रेणी में आते हैं (संदर्भः कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग के ज्ञापांक 7/आ0नीति (सर्वदलीय बैठक) 27/2002 (खण्ड) क्र. – 3198, दिनांक 18.04.2016) और निम्न अर्हत्ता धारित करते हैं, ऑन–लाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है।

**महत्वपूर्ण तिथियॉ :–**

| क्र0 सं0 | विवरण | तिथि |
|---|---|---|
| 1. | ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने की शुरूआत | दिनांक – 08.09.2022 |
| 2. | ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने की समाप्ति | दिनांक – 14.09.2022 |
| 3. | ऑनलाईन आवेदन पत्र में भरे गये प्रविष्टियों में संशोधन (Online Edit) की तिथि | दिनांक – 15.09.2022 |
| 4. | परीक्षा की तिथि एवं समय | **दिनांक – 25.09.2022 एवं पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 12:30 बजे तक** |

**2.** प्रशिक्षण की अवधिः–

(क) ए.एन.एम. पाठ्यक्रमः– 2 वर्ष

(ख) जी.एन.एम. पाठ्यक्रमः– 3 वर्ष

**3.** शैक्षणिक योग्यताः–

A. **Eligibility Criteria for ANM :**

[i] The minimum age for admission shall be 17 years on or before 31st December, 2022.

[ii] The Maximum age for admission shall be 35 years.

[iii] The minimum educational requirement shall be 10+2 in Arts (Mathematics, Physics, Chemistry, Biology, Biotechnology, Economics, Political Science, History, Geography, Business Studies, Accountancy, Home Science, Sociology, Psychology, and Philosophy) and English Core/English Elective OR Science OR Health care Science - Vocational stream ONLY passing out from recognized Board.

[iv] Student shall be medically fit.

[v] Student Qualified in 10+2 Arts or Science examination conducted by National Institute of Open School.

[vi] Only female candidates are eligible for ANM course.

B. **Eligibility Criteria for GNM :**

[i] Minimum and Maximum age for admission will be 17 and 35 years as on 31st December, 2022. There is no age bar for ANM/LHV.

[ii] Minimum education:

- 10+2 with English and must have obtained a minimum of 40% at the qualifying examination and English individually for any recognized board. Candidates are also eligible from State Open School recognized Candidates are also eligible from State Open School recognized by State Government and National Institute of Open School (NIOS) recognized by Central Government. However Science is preferable.
- 10+2 with English having 40% of marks in vocational ANM course from the school recognized by Indian Nursing council.
- 10+2 with English having 40% of marks in Vocational Stream-Health care Science from a recognized CBSE board/Centre.
- Registered ANM with pass mark.

[iii] Student shall be medically fit.

[iv] Students qualified in 10+2 Arts or Science examination of Health care Science – Vocational stream ONLY conducted by national Institute of Open School with 40% marks.

**4. आवासीय अर्हता** :– झारखण्ड राज्य के स्थायी निवासी या स्थानीय निवासी की श्रेणी में आने वाले आवेदक हीं नर्सिंग पाठ्यक्रमों में नामांकन के लिये पात्र समझे जायेंगे। झारखण्ड सरकार के कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग की अधिसूचना ज्ञापांक–7/आ0 नीति (सर्वदलीय बैठक) 27/2002 (खण्ड) का0–3198, दिनांक 18.04.2016 में स्थानीय निवासी को परिभाषित किया है। सुलभ प्रसंग हेतु उक्त अधिसूचना की प्रति पर्षद के वेबसाइट के Homepage पर Act & Circulars कॉलम में देखा जा सकता है। आवेदकों को **अपने दावे के समर्थन में सक्षम पदाधिकारी (अंचलाधिकारी/अनुमण्डल पदाधिकारी/उपायुक्त) द्वारा निर्गत स्थानीय निवासी प्रमाण–पत्र की मूल प्रति, नामांकन के निमित्त साक्षात्कार के समय, प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।**

**5. आवेदन पत्र की उपलब्धता**:– आवेदक पर्षद के वेबसाईट http://jceceb.jharkhand.gov.in के Homepage पर "Click here for All Online Application Submission – JCECEB 2022" बटन पर Click करने के बाद "Nursing Entrance Competitive Examination-2022" Link पर Click कर दिये गये दिशा–निर्देशों का पालन करते हुए **08.09.2022 से दिनांक 14.09.2022 तक ऑनलाईन आवेदन पत्र भर सकते है। आवेदन पत्र में भरे गये प्रविष्टियों में (यदि संशोधन की आवश्यकता हो तो) दिनांक 15.09.2022 तक संशोधन कर सकते हैं। आवेदन की प्रविष्टियों में संशोधन करने की यह अंतिम अवसर होगा।** ऑनलाईन आवेदन करते समय पासपोर्ट साईज का अपना रंगीन फोटोग्राफ, जिसमें चेहरे के साथ–साथ दोनों कान स्पष्ट रूप से दिखाई देना चाहिए तथा संपादित (Edited) नहीं होना चाहिए; हस्ताक्षर एवं बाँयें हाथ के अंगूठे का निशान तैयार रखें तथा दिये गये निर्देशों का पालन करते हुए अपलोड करें। ऑनलाईन आवेदन करने पर उसका प्रिंट आउट पर्षद कार्यालय को नहीं भेजना है।

**6. परीक्षा केन्द्र एवं परीक्षा की तिथिः–**

यह परीक्षा 25 सितम्बर 2022 को राँची, धनबाद, पलामू, जमशेदपुर एवं दुमका जिला मुख्यालय स्थित विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जायेगी। ऑनलाईन आवेदन के समय अभ्यर्थियों को प्राथमिकतानुसार परीक्षा केन्द्र मुख्यालय का चयन कर लेना होगा। परीक्षा केन्द्रों से संबंधित जिला मुख्यालयों की संख्या अपरिहार्य कारणवश पर्षद द्वारा घटाई जा सकती है। परीक्षा केन्द्र एवं अन्य संबंधित सूचना, ऑनलाईन प्रवेश पत्र (Online Admit Card) में अंकित रहेगी। आवेदकों को पर्षद के वेबसाईट से प्रवेश पत्र डाउनलोड (Download) की सुविधा परीक्षा की तिथि के चार (4) दिन पूर्व (दिनांक–21.09.2022 से दिनांक–25.09.2022) उपलब्ध करायी जायेगी।

**7. परीक्षा शुल्कः–** आवेदकों को परीक्षा शुल्क Payment Gateway के माध्यम से Credit Card/Debit Card/Net Banking/UPI के द्वारा जमा करना अनिवार्य होगा, जो अप्रतिदेय (Non refundable) होगा। दिव्यांग आवेदकों को आवेदन शुल्क देय नहीं है।

| क्रम सं0 | कोटि / कोटा | राशि | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|
| 1. | सामान्य (General)/आर्थिक रूप से कमजोर नागरिकों के वर्ग (EWS) / पिछड़ी जाति–I (BC-I) / पिछड़ी जाति–II (BC-II) | 900.00 | दिव्यांग आवेदकों को आवेदन–सह–परीक्षा शुल्क देय नहीं हैं। |
| 2. | अनुसूचित जाति (SC) / अनुसूचित जनजाति (ST) / सभी कोटियों की महिलायें (Female of all Categories) | 450.00 | |

**8. परीक्षा का स्तर एवं प्रकारः–** प्रवेश परीक्षा 150 अंकों की होगी। प्रश्न वस्तुनिष्ट (Objective) तथा MCQ प्रकार के होंगें।

| क्रम संख्या | विषय | स्तर | अंक |
|---|---|---|---|
| (क) | अंग्रेजी | इन्टरमीडिएट | 30 |
| (ख) | भौतिक विज्ञान | मैट्रिक | 30 |
| (ग) | रसायन विज्ञान | मैट्रिक | 30 |
| (घ) | जीव विज्ञान | मैट्रिक | 30 |
| (ड़) | गणित | मैट्रिक | 30 |
| | | | 150 |

**9. मेधा सूची :–** मेधा सूची का निर्माण विभिन्न विषयों में प्राप्तांक के आधार पर किया जायेगा। दो या दो से अधिक अभ्यर्थियों के प्राप्तांक समान होने की स्थिति में जीव विज्ञान में अधिक अंक प्राप्त करने वाले को प्राथमिकता दी जायेगी, जीव विज्ञान में भी समान अंक रहने पर रसायन विज्ञान में अधिक अंक वाले को प्राथमिकता दिया जायेगा, जीव विज्ञान एवं रसायन विज्ञान में समान अंक रहने की स्थिति में भौतिक विज्ञान में अधिक अंक पाने वाले को प्राथमिकता दी जायेगी, जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान एवं भौतिक विज्ञान में समान अंक रहने की स्थिति में अंग्रेजी में अधिक अंक पाने वाले को प्राथमिकता दिया जायेगा। उसके बाद भी समान अंक रहने पर पहले जन्म तिथि वाले अभ्यर्थी को प्राथमिकता दी जायेगी। यह भी स्थिति समान होने पर उनके नाम के प्रथम् अंग्रेजी अक्षरों के वर्णात्मक क्रम के अनुसार प्राथमिकता दी जायेगी।

**10. आरक्षणः– समान्य वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) / अत्यंत पिछड़ा वर्ग (अनुसूची–1) (BC-I) / पिछड़ा वर्ग (अनुसूची–2)(BC-II) / अनुसूचित जनजाति (ST) / आदिम जन जाति (P.T.G.) / अनुसूचित जाति (SC) / शारीरिक रूप से दिव्यांग (PH/DQ) अभ्यर्थियों के लिए राज्य सरकार द्वारा जारी अद्यतन आरक्षण नीति प्रभावी होगा।**

## 11. अन्य आवश्यक सूचनाएँ :–

- ए॰एन॰एम॰ एवं जी॰एन॰एम॰ पाठ्यक्रमों की संस्थानवार/कोटिवार सीटों की विस्तृत विवरणी एवं प्रमाण–पत्रों के प्रारूप एवं अधिसूचना की प्रति पर्षद के वेबसाईट http://jceceb.jharkhand.gov.in के Homepage पर Downloads कॉलम में देखा जा सकता है।
- अभ्यर्थियों को शैक्षणिक एवं अन्य अहर्ताओं के आलोक में साक्षात्कार के समय ए॰एन॰एम॰ एवं जी॰एन॰एम॰ दोनों पाठ्यक्रमों में से एक पाठ्यक्रम का चयन करने का विकल्प दिया जायेगा।
- साक्षात्कार एवं सीटों की संस्थानवार/कोटिवार विवरणी संबंधी अद्यतन सूचनाओं के लिए पर्षद के वेबसाईट http://jceceb.jharkhand.gov.in के सम्पर्क में बने रहें।

परीक्षा नियंत्रक के आदेश से,

08/09/22

(रंजीता हेम्ब्रम, झा.प्र.से.)
उप परीक्षा नियंत्रक

**नोट :– * स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के पत्र संख्या – 10/नर्सिंग–10–06/2015 (खण्ड–1)–232 (10) दिनांक–08.09.2022 के आलोक में गैर सरकारी नर्सिंग संस्थानों को भी शामिल किया गया है।**